पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को रंगो के पावन पर्व होली की दी बधाई

होली पर्व को प्राकृतिक रंगों से मनाएं और स्वच्छता का ध्यान रखें।

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 12 मार्च, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने रंगो के पावन पर्व होली के पावन अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई दी है और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उल्लास की कामना की है।

राज्यपाल जी ने कहा कि होली का पर्व समाज में सौहार्द, भाईचारे और समरसता का प्रतीक है। यह पर्व हमारे जीवन में खुशी और उत्साह का संचार करता है और हमारी सांस्कृतिक विविधता को और प्रगाढ़ बनाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली को प्राकृतिक रंगों से मनाएं, पानी की बर्बादी न करें और स्वच्छता का ध्यान रखें।

सम्पर्क सूत्र

दिलशाद-सूचना अधिकारी/राजभवन

मो0-9696185895